प्रेषक

निदेशालय, उच्चतर शिक्षा, हरियाणा
शिक्षा सदन, सैक्टर–5, पंचकूला।

सेवा में

All District, All University, Polytecnic Coordinators.

यादी क्रमांकः– 15/2-2024एन0एस0एस0 (1)
दिनांक, पंचकूला 11/5/2026.

Subject:- **"कारगिल विजय दिवस" (26 जुलाई 2025) के उपलक्ष्य में राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में आयोजन हेतु निर्देश जारी करने के संबंध में।**

****

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में।

वि0 पत्र कमांक JKSC/HR/26/007 दिनांक 12.04.2026 की प्रति भेजते हुए उक्त विषय के संबंध में हरियाणा राज्य की NSS के सभी कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि 20 जुलाई से 30 जुलाई के मध्य किसी भी दिन कारगिल विजय दिवस अंर्तगत प्रस्तावित गधिविधियों का विद्यालयो महाविद्यालयो, विश्वविद्यालयों, में गतिविधियों को करवाना सुनिश्चित करे तथा तदानुसार सभी NSS स्वंय सेवकों का इसमें भाग लेना सुनिश्चित किया जाये। उक्त गतिविधियों की रिपोर्ट निदेशालय ईमेल snoharyana@gmail.com पर सांझा की जाये ताकि उच्चाधिकारियों को आवश्यकतानुसार उक्त रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सके।

संलग्नः– पत्र कमांक JKSC/HR/26/007 दिनांक 22.04.2026

11/5/26

राज्य रा0से0यो0 अधिकारी,
कृतेः निदेशालय उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला

पृ0 क्रमांक : सम

दिनांक पंचकूला :– 11/5/2026

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही व सूचनार्थ हेतू भेजी जाती हैः–

1) PS/W ACS HE.
2) PS/W DG HE.
3) IT Cell to upload.

OC 11/5/26

राज्य रा0से0यो0 अधिकारी,
कृतेः निदेशालय उच्चतर शिक्षा,
हरियाणा, पंचकूला

जम्मू-काशमीर अध्ययन केन्द्र

JAMMU-KASHMIR STUDY CENTRE

22 अप्रैल, 2026

JKSC/HR/26/007

प्रति,

माननीय श्री नायब सिंह सैनी जी

मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार,

चंडीगढ़

विषय: "कारगिल विजय दिवस" (26 जुलाई 2025) के उपलक्ष्य में राज्य के समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में आयोजन हेतु निर्देश जारी करने के संबंध में।

महोदय,

सादर नमस्कार।

जैसा कि विदित है, कारगिल युद्ध (1999) के दौरान हमारे देश के वीर सैनिकों ने राष्ट्र की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनके अद्वितीय शौर्य, साहस एवं बलिदान की स्मृति को चिरस्थायी बनाए रखने हेतु प्रति वर्ष **26 जुलाई** को **"कारगिल विजय दिवस"** सम्पूर्ण देश में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया जाता है।

जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र, नई दिल्ली एवं इसकी हरियाणा राज्य इकाई पिछले लगभग 10 वर्षों से इस अवसर पर हरियाणा के विभिन्न **विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों** में निरंतर शैक्षिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करती आ रही है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना है।

यह हरियाणा राज्य के लिए विशेष गर्व का विषय है कि कारगिल युद्ध में देश के **कुल 527 शहीदों में से 75 वीर सपूत हरियाणा से थे**, जो राज्य की वीरता एवं राष्ट्रसेवा की गौरवशाली परंपरा को दर्शाता है।

महोदय, उपर्युक्त परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, वर्ष 2026 में भी केंद्र द्वारा "कारगिल विजय दिवस" के अवसर पर राज्यभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने प्रस्तावित हैं।

चूंकि 26 जुलाई 2026 (रविवार) को अवकाश रहेगा, अतः आपसे विनम्र निवेदन है कि इस आयोजन को **20 जुलाई से 30 जुलाई 2026 के मध्य** किसी भी उपयुक्त दिन आयोजित करने हेतु निर्देश जारी किए जाएं, जिससे अधिकतम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि हरियाणा राज्य के सभी विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में इस अवसर पर उपयुक्त कार्यक्रम आयोजित करवाने हेतु संबंधित विभागों एवं प्रशासन को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।

कार्यक्रमों के अंतर्गत डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रेरक व्याख्यान, निबंध/भाषण प्रतियोगिता, देशभक्ति गीत एवं अन्य गतिविधियाँ सम्मिलित की जा सकती हैं।